विस्तार | नगर निगम द्वारा लिखा जा रहा स्वच्छता के साथ सेवा का नया अध्याय

जबलपुर में थ्री आर ऑन व्हील से मिटेगी अभाव की दूरी

नवभारत, जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार की एक नई मिसाल पेश की है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा शुरू की गई थ्री आर ऑन व्हील पहल ने शहर में अपशिष्ट प्रबंधन को एक नई दिशा मिली है। अब शहरवासियों के घरों का बेकार सामान किसी जरूरतमंद के जीवन का आधार बन रहा है।

अक्सर घरों में पुराने कपड़े, जूते, किताबें और खिलौने जमा हो जाते हैं, जिन्हें कचरे में फेंकना मन स्वीकार नहीं करता। नागरिकों की इसी दुविधा को दूर करने के लिए निगम ने थ्री आर ऑन व्हील मोबाइल वाहन की शुरुआत की है। यह वाहन अब शहर के विभिन्न वार्डों और गलियों में पहुँचकर नागरिकों से सीधे उनकी अनुपयोगी लेकिन अच्छी स्थिति वाली वस्तुओं को एकत्रित कर रहा है।

पर्यावरण संरक्षण को मिल रहा बढ़ावा

उपयोग से कचरे की मात्रा में कमी आ रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। एकत्रित की गई सामग्री को शहर के 13 प्रमुख थ्री आर केंद्रों जैसे ग्वारीघाट, दीनदयाल बस स्टैंड, हनुमानताल, और सिविक सेंटर आदि तक पहुँचाया जा रहा है। यहाँ से गरीब और जरूरतमंद परिवार आत्मसम्मान के साथ अपनी जरूरत का सामान ले जा रहे हैं। स्वच्छता की नई पहल, बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ के मंत्र ने नागरिकों को इस अभियान से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया है।

थ्री आर केंद्रों का विस्तार

नगर निगम ने शहर के हर कोने को इस मुहिम से जोड़ने के लिए रणनीतिक रूप से केंद्रों का चयन किया है। त्रिपुरी वार्ड से लेकर रांझी और कांचघर से लेकर घंटाघर तक, ये 13 केंद्र अब दान और सेवा के सेतु बन चुके हैं। निगम प्रशासन का यह प्रयास सिद्ध करता है कि आधुनिक कचरा प्रबंधन केवल तकनीक नहीं, बल्कि एक संवेदनशील दृष्टिकोण भी है।



युवा जोश और जन-भागीदारी से चमकेगी संस्कारधानी

▸ नगर निगम ने स्वच्छ टुलिप इंटर्न्स का किया सम्मान

नवभारत, जबलपुर। स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नगर निगम ने सोमवार को विकास और नवाचार की एक नई इबारत लिखी है। निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की उपस्थिति में जहाँ अनुभव को सम्मानित किया गया, वहीं युवाओं की नई सोच को शहर के विकास से जोड़ा गया।

शहर को स्वच्छ बनाने में व्यक्तिगत प्रयासों की भूमिका को रेखांकित करते हुए, स्वच्छता चैंपियन शैलवी धूसिया को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए निगमाध्यक्ष रिंकुंज विज एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि शैलवी जैसे जागरूक नागरिक ही संस्कारधानी के असली गौरव हैं। आपकी मेहनत दूसरों के लिए प्रेरणा है।

युवाओं को मिला जमीनी अनुभव का मौका

भारत सरकार के द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत नवनियुक्त इंटर्न्स को औपचारिक रूप से ऑफर लैटर सौंपे गए। ये युवा अब जबलपुर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगे। इंटर्न्स कचरा पृथक्करण और प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीकों पर काम करेंगे। युवाओं की टोली आगामी सर्वेक्षण की तैयारियों में निगम का हाथ बटाएगी। स्नातक युवाओं को शहरी प्रशासन और ग्राउंड लेवल की चुनौतियों को समझने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उपायुक्त संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

एक नजर में

अहिरवार विकास संस्था ने किया डॉ. कैलाश का सम्मान

नवभारत, जबलपुर। अहिरवार विकास संस्था राधा कृष्ण वार्ड जबलपुर के द्वारा मध्य प्रदेश अनु जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ,कैलाश जाटव के प्रथम नगर आगमन पर अहिरवार विकास संस्था ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने फूलमाला फूल गुच्छा देकर उनका सम्मान किया एवं शादी की 36वीं सालगिरह पर आतिशबाजी किया गया और फूल बरसाए। इस अवसर पर संरक्षक दास प्रसाद अहिरवार, कैलाशनाथ अहिरवार, प्रहलाद ठेकेदार, अध्यक्ष आर डी चौधरी, उपाध्यक्ष प्रकाश अहिरवार, संयोजक संजय अहिरवार, शेरू अहिरवार, अशोक रोहितास, तरुण रोहितास, दिलीप अहिरवार सहित अन्य मौजूद रहे।

डॉ. विनोद ताम्रकार को लाइफ टाइम अवॉर्ड

नवभारत, जबलपुर। संस्कारधानी के प्रथम प्लास्टिक सर्जन डॉ. विनोद बी. ताम्रकार को सर्जन्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के मध्यप्रदेश चेप्टर की जबलपुर इकाई द्वारा लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया है।डॉ विनोद को जबलपुर सर्जन्स एसोसिएशन के संस्थागत कार्यों, विकास एवं एसोसिएशन के नेशनल, ज़ोनल एवं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेन्सेस एवं सी.एम.ई. को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया है। इस मौके पर जबलपुर सर्जन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अर्पण मिश्रा, सचिव डॉ. राजीव कुकरेले एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ पूर्व डीन प्रोफेसर डॉ.जे.पी.कपूर, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. के.सी. देवानी, प्रो. डॉ. पवन अग्रवाल, प्रो डॉ. दीप्ती बाला शर्मा, प्रो. डॉ. विकेश अग्रवाल, प्रो. डॉ. फणीन्द्र सोलंकी मौजूद रहे।

श्री अयोध्या वासी गुप्ता महिला मंडल ने मनाया मदर्स डे

नवभारत, जबलपुर। मदर डे के उपलक्ष्य में महिला मंडल की किटी द्वारा माँ की थीम में किटी का आयोजन किया गया जिसमें सभी समाज की महिलाओं ने गुलाबी रंग के वस्त्रों को धारण किए। शहर के करमचंद चौक स्थित इंडियन काफ़ी हाऊस में आयोजित मातृ दिवस कार्यक्रम की आयोजक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि माँ शब्द ही इतना प्यारा है, कि इसे कहते ही मन में अपने पन और सुकून का एहसास होने लगता है दुनिया के हर रिस्तों में माँ का रिश्ता सबसे ऊंचा और पवित्र माना जाता है माँ के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस दौरान सभी महिलाओं ने मिलकर हाऊजी और विभिन्न प्रकार के खेलों और स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया और उपहार पाए आयोजक द्वारा किटी में उपस्थित भावना, शैलजा आभा, सपना, बबीता, सावित्री गायत्री, पूर्णिमा, श्वेता, निधि, दीपा, रस्मी सभी को धन्यवाद दिया।

मनमोहन नगर पार्क में स्क्रीन ऑफ, प्ले ऑन का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। नगर पालिक निगम जबलपुर के संभाग क्रमांक 06 एवं वार्ड क्रमांक 29 अंतर्गत मनमोहन नगर पार्क में 'स्क्रीन ऑफ, प्ले ऑन' गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मोबाइल एवं स्क्रीन की लत से दूर रखते हुए पारंपरिक खेलों, रचनात्मक गतिविधियों एवं शारीरिक खेलों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिक निगम जबलपुर की आईईसी टीम द्वारा बच्चों के साथ विभिन्न मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद गतिविधि आयोजित की गईं। बच्चों को समूह खेल, चित्रकला, संवाद सत्र एवं आउटडोर गेम्स के माध्यम से सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया गया।

उर्स में उमड़ा अकीदत का सैलाब

▸ सूफी कलाम से गूंजती रही रात

नवभारत, जबलपुर। हाई कोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा साहब के आस्ताने पर जारी पांच दिवसीय उर्स शरीफ में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। उर्स के पहले दिन से शुरू हुई जायरीनों की आमद अब अपने पूरे शबाब पर पहुँच गई है। शहर सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद सजी हुई चादरें लेकर बाबा साहब के दरबार में हाज़िर हुए और अकीदत के फूल पेश किए। देर रात तक दरगाह परिसर 'या बाबा साहब' के नारों से गूंजता रहा तथा हर उम्र के जायरीन अपनी मुरादें लेकर दरबार में पहुँचते रहे।

उर्स कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा जायरीनों की सुविधा के लिए बेहतर इंतज़ाम किए गए हैं। सज्जादानशीन जनाब बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला जनाब चंगेज खान अशरफी लगातार अकीदतमंदों को खास दुआओं से नवाज़ते रहे। दरगाह पर पहुंचने वाले जायरीन ने रूहानी सुकून और भाईचारे का माहौल महसूस किया।

उर्स शरीफ के तीसरे दिन सोमवार की रात अकीदत और सूफियाना कलाम का खूबसूरत संगम देखने को मिला। हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल जनाब रफीक आफताब साबरी ने अपनी दिलकश आवाज़ में एक से बढ़कर एक सूफी कलाम पेश किए, जिन पर समाईन देर रात तक झूमते रहे। गरीब नवाज़ की शान में पढ़े गए कलामों ने महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया। उर्स शरीफ के चौथे दिन सूफियाना कव्वाल जनाब नुसरत कादरी कपासन (राजस्थान) की शानदार कव्वाली का एहतेमाम किया गया है।

यात्रियों को दिया जा रहा शीतल पेयजल

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड सदस्यों द्वारा जबलपुर रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर सेवा कार्य लगातार किया जा रहा है रेलवे स्टेशन के सभी 6 प्लेटफार्मों पर यूपी-बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र एवं अन्य जगहों की ओर से आने वाली ट्रेनों में स्काउट-गाइड्स के सदस्य पूरे प्लेटफार्म पर ठंडे पानी से भरे बर्तनों की ट्रालियां लेकर कोचों तक पहुंच रहे हैं यात्री भी इनके सेवा कार्य से अभिभूत नजर आते हुए आशीर्वाद दे रहे हैं उल्लेखनीय है कि यात्रीगण ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ होने के कारण कोचों से बाहर नहीं निकल पाते, वहां पर स्काउट गाइड पानी पहुंचा रहे हैं पानी पिलाने का कार्य ज्यादातर जनरल डिब्बों में किया जा रहा है इस सेवा कार्य का कुशल नेतृत्व अपर मंडल रेल प्रबंधक, मंडल कार्मिक अधिकारी प्रभारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण, जिला सचिव स्काउट द्वारा किया जा रहा है।

दु:ख के समय ईश्वर हमारे साथ होते हैं : फादर एक्का

▸ फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति नवीना का आठवां दिन

नवभारत, जबलपुर। सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में अनवरत जारी वार्षिक भक्ति के अंतर्गत सोमवार को नौदिवसीय प्रार्थना का आठवां दिन था। इस पावन ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक डॉन बॉस्को युवा सदन के प्रभारी पुरोहित फादर सतीश एक्का ने माता मरियम के भक्तजनों की उपस्थिति में पावन ख्रीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा कि जब हम पर दु:ख की घड़ी आती है तब ईश्वर हमारे साथ रहते हैं लेकिन हमको ईश्वर की उपस्थिति का अहसास नहीं होता बल्कि अपने कष्टों, पीड़ाओं, दुखों का ही ध्यान रहता है और हम प्रश्न करते हैं कि कहां है प्रभु ईश्वर। जबकि दु:ख के समय में प्रभु हमारे साथ रहते हैं। माता मरियम भी अपने पुत्र प्रभु यीशु की दु:ख की घड़ी में उनके साथ रहती हैं। जब जब ऐसे दु:ख के क्षण आते हैं तब माता मरियम दर्शन देती हैं। फ्रांस के लुर्द में, मेक्सिको में, पुर्तगाल के फातिमा में और अनेक जगह पर ऐसी विपरीत परिस्थितियों में माता मरियम ने दर्शन दिया है और लोगों से ईश्वर से प्रार्थना करने को कहा है। हमको अपने दुखों को स्वीकार करना चाहिए। इन दिनों तीर्थस्थल में बेहद ही आकर्षक साज सजावट की गई है। माता मरियम के भक्त पवित्र तीर्थस्थल में विशाल संख्या में उपस्थित हो रहे हैं तथा मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्पों को अर्पित कर के अपनी मन्नतें मांगते हुए प्रार्थना में लीन हो रहे हैं।

गूंज की संगीत संध्या एवं सम्मान समारोह आज

नवभारत, जबलपुर। गूँज अंतरष्ट्रीय संस्था द्वारा 12 मई 2026 को दोपहर 3:30 से 7 बजे तक वृद्ध आश्रम मेडिकल के आगे शानदार संगीत एवं गूंज मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। डॉक्टर राजलक्ष्मी शिवहरे, अन्नपूर्णा दुबे, प्रणवी झांसियां ब्रांड एंबेसडर, आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. आर .एल .शिवहरे एवं अध्यक्षता करेंगे वहीं वरिष्ठ संगीत निर्देशक रुद्रदत्त दुबे, विशिष्ट अतिथि डॉ .हरिशंकर दुबे, डॉ.बैजनाथ गौतम, सुरेश दर्पण,राजेश पाठक प्रवीण होंगे।

मां की यादों में भीगा सीनियर सिटिजन क्लब का मदर्स डे समारोह

▸ गीतों की सुरमयी प्रस्तुति सुनकर आंखें हुईं नम

नवभारत, जबलपुर। मदर्स डे के अवसर पर साउथ एवेन्यू मॉल में सीनियर सिटिजन क्लब के तत्वावधान में एक भावपूर्ण एवं संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मां के प्रति श्रद्धा और प्रेम से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित सदस्यों को भावुक कर दिया।

'मां मुझे अपने आंचल में छुपा ले' और 'ए मां तेरी सूरत से अलग भगवान की सूरत क्या होगी' जैसे सदाबहार गीतों को प्रमोद जैन, रवि जैन, रवि शुक्ला एवं इंद्रपाल सिंह गोगी ने मधुर स्वर में प्रस्तुत कर ऐसा समां बांधा कि उपस्थित सदस्य अपने बचपन की यादों में खो गए। कई सदस्यों की आंखें मां को याद कर नम हो गईं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि कलाकारों का स्वागत जसबीर चोपड़ा, प्रभा श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, अल्का वर्मा, प्रभा नायडू, राजकुमारी रायकर एवं राणा मैडम द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं मालाएं पहनाकर किया गया। सीनियर सिटिजन क्लब की ओर से विंग कमांडर चंदन शर्मा ने प्रमोद जैन को भगवान महादेव की आकर्षक प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संघ की अध्यक्ष दमयन्ती राय की विशेष उपस्थिति भी रही। गीत-संगीत का मधुर संयोजन कोहिनूर कराओके द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में नीरज शुक्ला एवं उर्मिला श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम | विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देकर मनाया नेशनल वुमेन्स चेकअप डे

नवभारत, जबलपुर। विगत 11 मई को नेशनल वुमेंस चेकअप डे के अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी और कहा कि समय पर जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों का पता शुरुआती चरण में लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सावधानी और संतुलित आहार, नियमित जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि व्यस्त दिनचर्या के कारण कई महिलाएं अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पातीं, जिससे छोटी समस्याएं बाद में गंभीर रूप ले सकती हैं।

समय पर हो चेकअप

वुमेंस चेकअप डे के अवसर पर महिलाओं को समय-समय पर ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और अन्य जरूरी जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि महिलाओं का स्वस्थ रहना पूरे परिवार और समाज के लिए जरूरी है, इसलिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना बेहद महत्वपूर्ण है। नर्स कल्पना सिंह ने समय पर स्वास्थ्य जांच को जरूरी बताया और महिलाओं को नियमित चेकअप कराने की सलाह भी दी है।

इनका कहना है

महिलाओं से अपील करती हूँ वे व्यस्त दिनचर्या के बीच अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें और नियमित जांच जरूर कराएं।

कल्पना सिंह

समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराने से महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है और गंभीर बीमारियों से बचाव संभव होता है।

प्रियांका बर्कड़े

47 से अधिक उत्साहियों ने किया रक्तदान

नवभारत, जबलपुर। हिन्दू सेवा परिषद् के तत्वावधान में आर्य समाज भवन में आर्य समाज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि संस्था द्वारा साल भर निरंतर रक्तदान के प्रकल्प चलाए जाते हैं, लेकिन प्रतिवर्ष एक विशेष शिविर का आयोजन भी किया जाता है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ा जा सके। शिविर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की टीम ने अपनी सेवाएँ दीं। मेडिकल कॉलेज से आईं डॉ. अर्चना शुक्ला ने बताया कि शिविर के शुरुआती घंटों में ही 47 से अधिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपना योगदान दिया। शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हिन्दू सेवा परिषद के नगर उपाध्यक्ष नितिन सोनपाली ने इस दौरान सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य संस्कारधानी में जागरूकता फैलाना है ताकि रक्त बैंक में कभी भी रक्त की कमी महसूस न हो।